ईपीआई–कॉर्पोरेट कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए 'राजभाषा हिंदी और उसका कार्यान्वयन तथा सरकारी नीतियों में हिंदी का महत्व' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्राप्त वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिंदी को और अधिक बढावा देने के उद्धेश्य से हिंदी कार्यशालाएं आयोजित करने का प्रावधान है। इसी के अंतर्गत ईपीआई, कॉर्पोरेट कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए दिनांक 18 मार्च, 2026 (बुधवार) को हिंदी कार्यशाला का आयोजन अपराह्न 3.00 बजे से 5.00 बजे तक स्कोप कॉम्प्लैक्स, कोर–3, लोधी रोड स्थित चौथी मंजिल के सम्मेलन कक्ष में किया गया। इस कार्यशाला में माननीय सुश्री वीनू खन्ना, सहायक निदेशक, केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान से उपस्थित हईं।

सर्वप्रथम कार्यशाला में उपस्थित अतिथि महोदया माननीय सुश्री विनू खन्ना जी का स्वागत श्रीमती अदिति सिंह द्वारा शॉल तथा बैज लगाकर किया गया तथा अध्यक्ष, रा.का.सं. ने शील्ड एवं सदस्य सचिव जी द्वारा पौधा प्रदान किया। तदोपरांत सदस्य सचिव, राजभाषा ने मंच की शुरुआत की तथा कार्यशाला में आमंत्रित अथिति वक्ता ने कार्यशाला में उपस्थित कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त प्रतिभागियों का परिचय लिया तथा राजभाषा हिंदी को बढावा देने के लिए समस्त प्रतिभागियों का ध्यान एकत्रित किया तदोपरांत माननीय आमंत्रित वक्ता ने कार्यशाला का आरंभ किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों से हिंदी वर्तनी पर चर्चा की गई जिसमें हिंदी की शुरुआत से संबंधित विस्तृत रुप से बताया गया जिसमें बताया गया कि शब्दों का आरंभ किस प्रकार किया जाता है जैसे पहले सुन्ना, बोलना, पढना तथा उसके उपरांत लिखने पर प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को हिंदी की वैज्ञानिकता जिसमें सामान्तः क,ख,ग,घ कंठ द्वारा च,छ,ज,झ तालव्य द्वारा ट,ठ मूधन द्वारा प,फ,ब,भ ओष्ठ की वैज्ञानिकता द्वारा प्रकट किए जाने वाले अक्षरों पर व्याख्यान किया तथा श तथा स का उच्चारण प्रकट किया इसके अतिरिक्त कंप्यूटर पर प्रयोग किए जाने वाले जी–मेल पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी को अधिक से अधिक बढावा देने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया जिसमें हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पण लेखन, ई–मेल में हिंदी का प्रयोग, हिंदी अनुवाद पर विशेष रुप से मार्गदर्शन किया।

चर्चा के दौरान आमंत्रित वक्ता ने हिंदी प्रशिक्षण से संबंधित सदस्य सचिव को सुझाव दिया कि कार्यालय में जिन अधिकारी/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने अथवा कंप्यूटर में टाइपिंग कार्य करने में असुविधा है तथा जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने अब तक हिंदी में प्रशिक्षण नही लिया है तो वे हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करें। क्योकि इस संबंध में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा प्रश्न किया जाता है। इस पर अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने निदेश दिया कि जिन कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है उनको हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए एक परिपत्र देकर प्रतिभागियों को नामित करें।

इस कार्यशाला में समस्त स्तर के लगभग 20–25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को माननीय अतिथि वक्ता सुश्री वीनू खन्ना, सहायक निदेशक, केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान तथा अध्यक्ष, रा.का.सं. श्री एस. हसन द्वारा भेंट स्वरुप पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष, रा.का.सं. श्री एस. हसन ने ऑनलाइन कार्यशाला में उपस्थित समस्त क्षेत्रीय कार्यालय प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा सदस्य सचिव, रा.का.सं. द्वारा आमंत्रित वक्ता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष शंकरराव गवई, प्रबंधक राजभाषा ने किया तथा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था श्रीमती तबस्सुम खान, कार्यकारी राजभाषा द्वारा की गई।

– राजभाषा प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय

सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (वेबसाइट में डालने हेतु)